भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 355
उत्तर देने की तारीख 28.11.2024

दक्षिण भारतीय कुंभ मेले के लिए निधि का आवंटन

355. **श्री एस. कल्याणसुन्दरम :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की कुंभकोणम में दक्षिण भारतीय कुंभ मेले महामहम महोत्सव के लिए निधि आवंटित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): वर्तमन में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। तथापि, देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों को संरक्षित, परिरक्षित और संवर्धित करने के लिए भारत सरकार ने सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। इन सात जेडसीसी को इनके सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नियमित आधार पर वार्षिक सहायता अनुदान जारी किया जाता है।

****